उत्तराखंड में देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार में कैंसर रोगियों को पेलिएटिव केयर सुविधा

ऋषिकेश - 1999 में स्थापित पुणे स्थित एक एनजीओ मुकुल माधव फाउंडेशन (एमएमएफ) ने उत्तराखंड में गंगा प्रेम हॉस्पिस के साथ साझेदारी करने की घोषणा की है। यह साझेदारी देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार में कैंसर रोगियों की पेलिएटिव केयर सुविधा के लिहाज से की गई है। इसी सिलसिले में 28 मई, 2023 को आयोजित एक कार्यक्रम में गंगा प्रेम हॉस्पिस को पेलिएटिव केयर यूनिट वाहन सौंपा गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति और प्रमुख कर्मचारी उपस्थित थे। श्री ए के दीवान, गंगा प्रेम हॉस्पिस के चिकित्सा निदेशक, डॉ. रूपाली दीवान, एमडी, श्रद्धा कैंसर केयर ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी, अरुण ओझा, महाप्रबंधक, बिक्री (रिटेल/प्रोजेक्ट्स), फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज, पूजा डोगरा, चीफ ऑफ ऑपरेशंस (सीओओ) गंगा प्रेम हॉस्पिस, नानीमा, गंगा प्रेम हॉस्पिस की ट्रस्टी और आध्यात्मिक सलाहकार और अमृत राज, ऋषिकेश में आरोग्यधाम में एक पुरस्कार विजेता आयुर्वेद चिकित्सक और एमएमएफ के शुभचिंतक की मौजूदगी में पेलिएटिव केयर यूनिट वाहन औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस तरह अब कैंसर रोगियों को सहज देखभाल की सुविधा मिल सकेगी।